झिरी में ठाकुर बाबा की मूर्ति क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश

आधे घंटे तक जाम रहा रास्ता, अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

नवभारत न्यूज

पोहरी 26 अक्टूबर। पोहरी थाना क्षेत्र के ग्राम झिरी में ठाकुर बाबा की मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। सोमवार सुबह मूर्ति टूटी मिलने की खबर फैलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर विरोध जताया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश दी, जिसके बाद करीब आधे घंटे में जाम खुलवाकर आवागमन शुरू कराया गया। पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम झिरी निवासी नारायण धाकड़

(60) सोमवार सुबह करीब 4:30 बजे उठकर स्नान करने के बाद ठाकुर बाबा के चबूतरे की साफ-सफाई करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि ठाकुर बाबा की मूर्ति टूटी हुई है। मूर्ति के कुछ टुकड़े चबूतरे पर, जबकि कुछ जमीन पर पड़े थे।

नारायण धाकड़ ने तत्काल आसपास के ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। आवाज लगाने पर सुरेंद्र धाकड़, कल्लाराम धाकड़, गजानंद धाकड़ सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रात के समय मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया है। घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई और उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया।

सूचना मिलते ही पोहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। करीब आधे घंटे की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

धार्मिक स्थल पर मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अब यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि मूर्ति किन परिस्थितियों में क्षतिग्रस्त हुई और इसके पीछे कौन जिम्मेदार है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्वामित्व योजना के कार्य में प्रगति लाएं, पटवारीवार समीक्षा के निर्देश

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 26 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने जिले में स्वामित्व योजना के तहत पंजीयन एवं रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार और जनपद पंचायतों के सीईओ को योजना की नियमित समीक्षा कर कार्यों में प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

शासन के निर्देशानुसार जिले में स्वामित्व योजना के तहत पंजीयन कार्य अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। इसके तहत राजस्व अमला गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों की भूमि के स्वामित्व पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर रहा है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा अभियान की लगातार निगरानी की जा रही है।

कलेक्टर ने योजना के तहत रजिस्ट्री कार्य की तहसीलवार एवं अनुभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने एसडीएम, तहसीलदार और जनपद सीईओ को दिए निर्देश

पटवारीवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने और रजिस्ट्री प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विशेष हेल्प डेस्क भी गठित की गई है।

ग्रामीण स्तर पर योजना को गति देने के लिए जनपद पंचायतों के सीईओ को सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों के माध्यम से रजिस्ट्री इनिशिएशन और ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि स्वामित्व योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके माध्यम से ग्रामीणों को उनकी भूमि का मालिकाना हक प्राप्त होगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गंभीरता से कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

मडखेड़ा में बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

पोहरी 26 अक्टूबर। विकास संवाद और चाइल्ड राइट्स एंड यू के सहयोग से सोमवार को पोहरी ब्लॉक के ग्राम मडखेड़ा में बच्चों और किशोर-किशोरियों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 38 महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में फील्ड कार्यकर्ता रामकिशन आदिवासी ने मोबाइल और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। वहीं, विकास संवाद के जिला समन्वयक अजय यादव ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, संदिग्ध लिंक, सोशल मीडिया पर सावधानी और व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखने के महत्व को समझाया।

उन्होंने बताया कि पोहरी ब्लॉक के 15 गांवों में चलाया जा रहा यह अभियान आगामी चार महीनों तक जारी रहेगा। इसके अंत में उपस्थित ग्रामीणों और बच्चों ने ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध स्थिति में अभिभावकों से सलाह लेने का संकल्प लिया।

भगवान की परीक्षा नहीं लेना चाहिए, उनकी प्रतीक्षा करनी चाहिए : पं .धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 26 अक्टूबर। करैरा बगीचा धाम-श्रीराम राजा धाम में तृतीय दिवस सोमवार दोपहर 4 बजे महाआरती हुई, प्रमुख यजमान पंडित राजेश दुबे भोला महाराज के परिजनों ने की। लाखों श्रद्धालु की भीड़ के सामने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने श्रीराम

श्रीबगीचा सरकार में बाबा का दिव्य दरबार 27-28 अक्टूबर को लगेगा

कथा पर प्रवचन देते हुए कहा कि करैरा संत महावीर दास की समधी है, बगीचा सरकार, बीजासन माता, श्रीराम राजा धाम पूरी भूमि देख कर लगता है कि पुराना भूमि तीर्थ रहा होगा, करैरा में इतने भक्त, भक्तों की चर्चा सनातन के प्रति तीर्थ रही होगी,आने वाले समय में तीर्थ बन जाएगी। कथा सुनने से संतोष

खाली तिजोरी भर जाती है, तन,मन,धन तीन है, तीनों का सदुपयोग होता है,तन का काम है,सेवा करना.मन का काम है, भगवान का नाम.धन काम है,परमार्थ में लगाना.परमात्मा को पाने के लिए ज्ञान, भक्ति, वैराग्य ही है।

पंडित श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने श्रीराम कथा सुनाई और वाल्मीक जयंती पर राम जी की कृपा का उदाहरण दिया, इसके उपरांत भगवान शिव और पार्वती जी के प्रसंग सुनाये.इसके उपरांत कथा सुनाई,गीत-सन्गीत पर श्रद्धालू भाव विभोर हो गये, आज 27 अक्टूबर को भगवान शिव की बरात ओर श्री राम का जन्म महोत्सव मनाया जाएगा। अन्नपूर्णा भोजन पंडाल जोकि 8वीघा में निर्मित है, जिसमें हज़ारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं, 200 के लगभग सेवा समिति के सदस्य भोजन प्रसादी में बड़े ही श्रद्धा भाव से सेवा कार्य में संलग्न है, देर रात्रि तक प्रसाद का वितरण किया जा रहा है, हजारो श्रद्धालु,साधु संत, विशाल पंडाल एवं मंदिर परिसर के आसपास बनाए गये पंडालों में रात्रि में विश्राम भी कर रहे हैं, इनके लिए पानी, नहाने धोने की व्यवस्था के साथ -साथ साफ सफाई की समिति ने सुन्दर व्यवस्था की गई है। समिति के सदस्य रात दिन सेवा कर रहे हैं.सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस कर्मी भी तैनात हैं, ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है.यातायात व्यवस्था को पुलिस के जवानों ने अच्छी तरह से संचालित किया है। आज 27अक्टूबर को दिव्य दरबार औश्र कल 28 अक्टूबर को भी बाबा बागेश्वर धाम का दिव्य दरवार में लगाया जाएगा जिसमें भूत प्रेत बाधा का निवारण होगा, इसके साथ ही 29 और 30 अक्टूबर को गुरु दीक्षा होगी। हजारों श्रद्धालु देश के अनेक शहरों, गांवों से करैरा पहुंच रहे हैं, करैरा में लघु महाकुंभ लग गया है।

लीग मुकाबलों के बाद तस्वीर साफ

क्रिकेट के सेमीफाइनल में ग्वालियर की इंदौर से तो भोपाल की नर्मदापुरम से होगी भिड़ंत

नेटबॉल में बालक-बालिका दोनों वर्गों में मेजबान ग्वालियर की टीम पहुंची सेमीफाइनल में

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 26 अक्टूबर। शहर के सांदीपनी स्कूल और श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर में 23 अक्टूबर से जारी 70 वी राज्य स्तरीय क्रिकेट और नेटबॉल प्रतियोगिता अब खिताबी मुकाबलों की ओर बढ़ रही है। सोमवार को दोनों ही खेलों के सभी लीग मुकाबले पूरे होने के बाद सेमीफाइनल की तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई है। बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार सुबह 8.30 बजे मैदान क्र. 1 पर पहला सेमीफाइनल मेजबान ग्वालियर और इंदौर के बीच खेला जाएगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैदान क्र. 2 पर भोपाल व नर्मदापुरम के बीच आयोजित होगा। सेमीफाइनल की विजेता टीमों के बीच फाइनल मुकाबला मंगलवार दोपहर 1 बजे मैदान क्र.

1 पर आयोजित होगा। इधर नेटबॉल के सेमीफाइनल मुकाबलों की बात करें तो मंगलवार को बालक वर्ग में पहला सेमीफाइनल इंदौर रीवा के बीच होगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान ग्वालियर की टीम भोपाल से भिड़ेगी। मंगलवार को ही बालिका वर्ग में पहले सेमीफाइनल में ग्वालियर का इंदौर के साथ मुकाबला होगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल भोपाल व रीवा के बीच खेला जाएगा। सोमवार शाम जिला शिक्षा अधिकारी आकाश सिंह यादव के निर्देशन में जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बेमटे ने मंगलवार को होने वाले खिताबी मुकाबलों को लेकर तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रमुख रूप से नेशनल रैफरी यादवेन्द्र सिंह चौधरी, अजय बाथम, मनोज गुप्ता, राजू जाट, संस्कार मिश्रा, शिवनाथ सिंह बैस सहित अन्य समितियों के सदस्य मौजूद रहे।

नेटबॉल लीग मुकाबलों में ग्वालियर का दबदबा कायम: इधर नेटबॉल के आखिरी लीग मुकाबलों में भी बालक एवं बालिका वर्ग में मेजबान ग्वालियर की टीम का दबदबा कायम रहा। बालक वर्ग में ग्वालियर ने रीवा को 14-2 से हराया जबकि बेटियों ने रीवा को 20-7 से शिकस्त दी। इसके अलावा बालक वर्ग में भोपाल ने जबलपुर को 29-9 से व जनजातीय कार्य विभाग को 24-6 से हराया। वहीं बालिका वर्ग में इंदौर ने जबलपुर पर 13-9 से तो भोपाल ने उज्जैन पर 22-3 से एकतरफा जीत हासिल की।

क्रिकेट में ग्वालियर भोपाल ने जीते आखिरी लीग मैच भी

शुरूआती दौर से जीत का सिलसिला जारी रखने वाली ग्वालियर व भोपाल संभाग की क्रिकेट टीमों का शानदार प्रदर्शन सोमवार को खेले गए आखिरी लीग मुकाबलों में भी जारी रहा। प्रचार प्रसार प्रभारी नीरज सरैया ने बताया कि मैदान क्रमांक 1 पर प्रभारी अजय बाथम के निर्देशन में पहला मैच उज्जैन व इंदौर के बीच आयोजित हुआ। जहां इंदौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 83 रन बनाए। जबाव में उतरी उज्जैन की टीम 12 ओवर में 48 रन ही बना सकी। इसी मैदान पर दूसरा मुकाबला मेजबान ग्वालियर व जनजातीय कार्य विभाग के बीच खेला गया। ग्वालियर से टॉच जीतकर बल्लेबाजी चुनी और 12 ओवर में 90 रन का स्कोर खड़ा किया। सर्वाधिक 29 रन लावाण्या ने बनाए। पीछा करने उतरी जनजातीय कार्य विभाग की टीम 12 ओवर में 80 रन ही बना सकी। मैच में एम्पायरिंग कमल बाथम व सौरभ चंदेल ने की जबकि स्कोरर प्रज्ञा तोमर थीं। इसी तरह मैदान क्र. 2 पर प्रभारी मनोज गुप्ता के निर्देशन में पहला मुकाबला भोपाल व जबलपुर के बीच खेला गया। जबलपुर ने 64 रन का लक्ष्य रखा जिसे भोपाल की टीम ने आर्या के 43 नाबाद रनों की बदौलत आसानी से हासिल कर लिया। वहीं दूसरे मुकाबले में जबलपुर ने 132 रन का लक्ष्य रखा जबाव में उतरी रीवा की टीम 68 रन ही बना सकी।

टक्कर के बाद बाइक व कार में लगी आग, दो की मौत

श्यामपुर 26 अक्टूबर. थाना क्षेत्र में सीहोर रोड पर खजुरिया और पारवा के बीच बीती रात कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई. तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारने के बाद काफी दूर तक घसीटा. इस दौरान दोनों वाहनों में आग लग गई. हादसे में गंभीर रूप से घायल दो युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया.दुर्घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए. पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम निवारिया निवासी दो युवक 35 वर्षीय विमल मालवीय और 40 वर्षीय रफीक खां बीती रात अपनी बाइक से गांव की ओर जा रहे थे. बताया जाता है कि पारवा और खजूरिया गांव के बीच उनकी बाइक को सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी. नतीजतन बाइक कार में उलझकर काफी दूर तक घिसटती चली गई और दोनों वाहनों में आग लग गई. घटना के बाद बाइक सवार दोनों युवक काफी दूर जा फिंकाए. जबकि कार में सवार लोग उतरकर मौके से फरार हो गए. हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. घायलों को 108 एंबुलेंस से भोपाल भेजा गया था. श्यामपुर थाना प्रभारी स्वरूप सिंह रावत ने दोनों युवकों की उपचार के दौरान मौत की पुष्टि की है. पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में शामिल कार विदिशा जिले की बताई जा रही है. रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर कार मालिक से संपर्क कर उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया है. पुलिस हादसे के कारणों और कार सवारों की भूमिका की जांच कर रही है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकला

जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ भव्य स्वागत

नवभारत न्यूज

पोहरी 26 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की ओर से सोमवार को पोहरी नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। शाम 4 बजे कॉलेज प्रांगण से प्रारंभ हुए इस पथ संचलन में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। इस दौरान जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने

पूर्व राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा हुए शामिल

पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पथ संचलन में पूर्व राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा भी शामिल हुए।

पथ संचलन का शुभारंभ कॉलेज प्रांगण से हुआ। यहां से स्वयंसेवक अनुशासन और एकरूपता के साथ निर्धारित मार्ग पर आगे बढ़े। संचलन पोहरी मुख्य चौराहा, खादी भंडार, शिव कॉलोनी, अड्डावाले हनुमान मंदिर, मुरलीमनोहर मंदिर किले के

अंदर सहित नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं क्षेत्रों से होकर गुजरा। मार्ग में अनेक स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। जगह-जगह हुए स्वागत से नगर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों की अनुशासित कदमताल, गणवेश में एकरूपता और संगठन के प्रति समर्पण आकर्षण का केंद्र रहा। नागरिकों ने उत्साह के साथ पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया।

इस आयोजन के माध्यम से अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, संगठनात्मक एकजुटता, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का संदेश दिया गया। कॉलेज प्रांगण से प्रारंभ हुआ पथ संचलन नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरने के बाद पहुंचा, जहां शाम करीब 6:30 बजे कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान स्वयंसेवकों की अनुशासित सहभागिता और नागरिकों का स्वागत प्रमुख आकर्षण रहे।

मां की ममता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल बनीं पटवारी संध्या शर्मा

दो साल के बच्चे को साथ लेकर निभा रहीं शासकीय जिम्मेदारी, मातृत्व और कर्तव्य के बीच गढ़ रही हैं प्रेरणादायी कहानी

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 26 अक्टूबर। मां की ममता और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पण जब एक साथ दिखाई देते हैं, तो वह दूसरों के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। शिवपुरी जिले के पटवारी हल्का डोंगर क्रमांक 122 में पदस्थ श्रीमती संध्या शर्मा ऐसी ही एक मिसाल पेश कर रही हैं। गोद में दो साल का नन्हा बच्चा और कंधों पर शासकीय जिम्मेदारियों का भार, इन दोनों के बीच संतुलन बनाते हुए वह पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं।

एक ओर उनके लिए अपने छोटे बच्चे की देखभाल और परवरिश सबसे अहम जिम्मेदारी है, तो दूसरी ओर शासन की महत्वपूर्ण स्वामित्व योजना के तहत भूमि अभिलेख तैयार करने, आवश्यक जानकारियां जुटाने और पंजीयन संबंधी कार्यों को समय पर पूरा करने का दायित्व भी है। ऐसे में संध्या शर्मा अपने बच्चे को साथ लेकर कार्यक्षेत्र में पहुंचती हैं और मातृत्व की जिम्मेदारियों के साथ शासकीय कार्यों को भी पूरी गंभीरता से निभाती हैं।

उनके पति भी शासकीय सेवा में कार्यरत हैं। ऐसे में पारिवारिक और व्यावसायिक जिम्मेदारियों के बीच तालमेल बैठाना आसान नहीं है। इसके बावजूद संध्या शर्मा जिस सहजता और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं, वह उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और कर्तव्यनिष्ठा को दर्शाता है। उनकी यह दिनचर्या बताती है कि एक महिला के लिए परिवार और कार्यक्षेत्र के बीच संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन इच्छाशक्ति और समर्पण से मुश्किल परिस्थितियों में भी रास्ता निकाला जा सकता है।

ममता की छांव में कर्तव्य की राह: संध्या शर्मा की यह

तस्वीर केवल एक महिला कर्मचारी की कार्यशैली तक सीमित नहीं है, बल्कि उन कामकाजी महिलाओं के संघर्ष और हौसले को भी बयां करती है, जो घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ अपने पेशेवर दायित्वों को भी पूरी ईमानदारी से निभाती हैं। एक छोटे बच्चे की जरूरतों का ध्यान रखते हुए सरकारी कामकाज को गति देना उनके लिए रोजमर्रा की चुनौती है। फिर भी वह अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटतीं।

स्वामित्व योजना में मैदानी अमले की अहम भूमिका

शासन के निर्देशानुसार शिवपुरी जिले में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशन में स्वामित्व योजना के तहत पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में राजस्व विभाग के मैदानी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। भूमि अभिलेखों का संधारण, आवश्यक जानकारियों का संकलन और पंजीयन संबंधी प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की जिम्मेदारी इन्हीं कर्मचारियों पर है। ऐसे में पटवारी संध्या शर्मा अपने पारिवारिक दायित्वों के साथ शासकीय जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए यह संदेश दे रही हैं कि मां की ममता और कर्तव्य के प्रति समर्पण एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं। उनका प्रयास उन महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है, जो परिवार की जिम्मेदारियों के बीच अपने कार्यक्षेत्र में भी अपनी पहचान और कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।